# जल प्रदाय में दिक्कतों को देखने पहुंचीं पीएचई एसडीओ

**घट्टिया। लंबे समय से गर्मी की शुरुआत से जलसंकट का सामना कर रहे ग्रामवासियों को शीघ्र ही सुचारू जल आपूर्ति संभव होगी। जल जीवन मिशन के तहत हर घर घर नलों से पेयजल आपूर्ति का काम तीन वर्ष पूर्व आरंभ हुआ था मगर दो ठेकेदार बदल जाने के बावजूद लोगों को पेयजल आपूर्ति हेतु एक से डेढ़ किमी भटकना पड़ रहा था।**

इस संदर्भ में हमारे समाचार पत्र नव भारत में प्रकाशित किया था जिस पर अगले दिन महिदपुर एसडीएम व जनपद सीईओ ने जगोटी पहुंच कर पंद्रह दिन में जल प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। गत दिवस पीएचई की एसडीओ सुषमा सिरोले व इंजीनियर अशरफ हुसैन ने सरपंच राहुल मुकाती, नागरिक अनंत शर्मा, सुनील पटेल, संदीप आंजना, नारायण सिंह भाभा, कैलाश जटिया, पिंटू बैरागी आदि के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगोटी से लेकर श्री चैतन्य हनुमान मंदिर तक दो घंटे तक पैदल भ्रमण कर जल प्रदाय में आ रही तकनीकी दिक्कतों को मौके पर देखा व संधारण कार्य में लगे लोगों को आवश्यक निर्देश दिए।

स्कूल मार्ग, गाड़ोलिया बस्ती व चौक बाजार की पिछली पट्टी में तीन दिन से जल प्रदाय आरंभ हो गया है। ग्रामीण प्रहलाद ढुंडाले, कृष्णकांत तिवारी, कृष्णा राठोड़ ने बताया कि अभी कुछ मोहल्लों में नल कनेक्शन का काम अधूरे पड़े हैं साथ ही अनेक घरों में ढाई साल पहले लगाए पाइप लाइन टूट फूट गई है जिसके कार्य भी त्वरित किए जाने चाहिए।



# सेवादल समर्पण-सेवा का पर्याय...



▶ सेवादल संस्थापक की जन्म जयंती मनाई

**घट्टिया।** सेवादल का अपना इतिहास रहा है आजादी के आंदोलन से लेकर आज़ तक सेवादल के सिपाही सेवा व समर्पण के पर्याय के रूप में वंचित व जरूरतमंद लोगों के प्रति नि:स्वार्थ भाव से काम करते हैं और यही कांग्रेस संगठन की असली ताकत है। उक्त उद्गार कांग्रेस नेता अनंत शर्मा ने चौक बाजार जगोटी में जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण द्वारा आयोजित सेवादल संस्थापक डॉ. एसएन सुब्बाराव की जन्म जयंती पर विचार गोष्ठी का शुभारंभ करते व्यक्त किए।

अध्यक्षता कर रहे जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी ने डॉ. सुब्बाराव के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए सेवादल के इतिहास पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कुलदीप सिंह जाट, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रजनीश तिवारी, राजेन्द्र चंदेल, पोपसिंह पंवार ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मुन्ने खां पठान, मोहनलाल परमार रामचंद्र यादव, राजेश चौधरी, आजाद शाह, रणछोड़ मालवीय, राजेश चौधरी सहित कांग्रेस पदाधिकारी गण मौजूद थे। संचालन राहुल चौधरी व आभार ऋषि तिवारी ने व्यक्त किया।

## एक नजर में

### मेडिकल एसोसिएशन घट्टिया ने किया जैन का स्वागत




**घट्टिया।** मप्र फार्मेसी काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान में मप्र गृहनिर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष मनोनीत होने पर ओम जैन का मेडिकल एसोसिएशन घट्टिया द्वारा स्वागत किया गया। मेडिकल एसोसिएशन घट्टिया के अध्यक्ष संतोष जैन, सदस्य अनुनय काबरा, चित्रांशु काबरा, गोपाल काबरा, प्रेम राठौर, सलाम मंसूरी, शहजाद नागौरी, मिहिर बिस्वास सहित अन्य सदस्यों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत कर शुभकामनाएं दी।

### मकान सूचीकरण कार्य पूर्णता की ओर



**घट्टिया।** जनगणना 2027 के तहत महिदपुर तहसील के कस्बेनुमा गांव जगोटी में आठ प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण व अन्य जानकारियां जुटाई जा रही है। प्रगणक शंकरलाल यादव ने बताया कि अल सुबह व शाम को तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है, अधिकांश जगहों पर मजदूरी करने वाले सुबह काम पर चले जाते हैं। इसलिए प्रगणकों द्वारा अल सुबह जाकर जानकारी अपडेट की जा रही है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में नागरिकों का सहयोग भी मिल रहा है।

### पत्नी की स्मृति में शिव मंदिर बनवाकर की प्राण प्रतिष्ठा



**घट्टिया।** नगर के मध्य दूरसंचार विभाग ऑफिस के पास शिव मंदिर का निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। नगरवासी अमृतलाल सुनहरिया ने अपनी स्वर्गवासी पत्नी प्रेमबाई सुनहरिया की स्मृति में मंदिर का निर्माण कराकर शिवलिंग की स्थापना की। तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत भजन संध्या का आयोजन कर शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा कर सह भोज का आयोजन किया गया।

### करोड़ों जीवों का लालन-पालन कर रही नर्मदा

**इंदौर.** दुनिया के तमाम देश प्रदर्शन में डूबे हुए हैं लेकिन हमारे भारत की यही खूबी है कि हम प्रदर्शन नहीं, दर्शन में विश्वास रखते हैं. भारत ही दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहाँ हम नदियों को माँ का दर्जा और सम्मान देते हैं. माँ कभी भी अपने बेटों की अनसुनी और अनदेखी नहीं कर सकती. नर्मदा केवल हमारा नहीं लाखों-करोड़ों जीवों, पेड़-पौधों और प्रकृति का भी लालन-पालन कर रही है। भारत का सनातन धर्म नर्मदा जैसी जीवनदायी माँ के कारण ही अक्षुण्य बना हुआ है और आगे भी बना रहेगा. ये प्रेरक विचार हैं नर्मदा परिक्रमावासी आचार्य पं. रविकांत शास्त्री के, जो उन्होंने खजराना गणेश मन्दिर स्थित सत्संग सभागृह पर अ.भा. दादा गुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की मेजबानी में चल रहे नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ में गुरुवार को माँ भगवती नर्मदा के प्राकट्य उत्सव की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व समाजसेवी राजेंद्र बंसल, नित्यम बंसल, सुमित अग्रवाल, राजकुमार बंसल, देवांग शर्मा, राम सोलंकी, अनिल अग्रवाल, मारुती माने, सचिन माने, मुकेश खंडेलवाल, स्वप्निल माने आदि ने व्यास पीठ एवं नर्मदा पुराण ग्रन्थ का पूजन किया. भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने भी कथा श्रवण का पुण्यलाभ उठाया. मातृशक्ति की ओर से ज्योति बंसल, प्रेरणा बंसल सहित सैकड़ों महिलाओं ने परिक्रमावासी आचार्य पं. रविकांत शास्त्री की अगवानी की. कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में नर्मदा भक्त, परिक्रमावासी और नर्मदा तट स्थित धर्मस्थलों के संत-महंत भी आ रहे हैं। देश के तपोनिष्ठ संत दादागुरु भी इस पावन कथा को सानिध्य प्रदान करने 9 से 11 मई तक इंदौर में विराजित रहेंगे. संयोजक राजेंद्र बंसल एवं नित्यम बंसल ने बताया कि कथा में शुक्रवार 8 मई को माँ नर्मदा की लीलाओं का वर्णन किया जाएगा.

### प्रतियोगिता में अल्फैज़ व काव्य ने जीते स्वर्ण पदक

**इंदौर.** इंटरस्कूल फेंसिंग प्रतियोगिता में ऊर्जस्विनी स्पेशल स्कूल के बच्चों ने भाग लिया. एसकेपीएस तिलक नगर में आयोजित इस इंटरस्कूल प्रतियोगिता में कोच सईद आलम के कुशल मार्गदर्शन और कड़े प्रशिक्षण के चलते स्पेशल स्कूल के बच्चों ने विभिन्न आयु वर्गों के फॉइल इवेंट में इस प्रतियोगिता में अल्फ़ैज़ मुगल और काव्या मोलासरीया ने अपनी-अपनी श्रेणियों में स्वर्ण पदक वहीं अभय प्रताप सिंह ने कड़े मुकाबले में रजत पदक अपने नाम किया. खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कोच सईद आलम ने कहा कि इस तरह के आयोजनों में सक्रिय भागीदारी से न केवल विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा निखरती है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और प्रेरणा के स्तर में भी भारी वृद्धि होती है. उन्होंने खेल को मानसिक और शारीरिक विकास का एक सशक्त माध्यम बताया.

मदारगेट के रफीक शादमानी हॉल में सजेगी महफिल, देशभर के नामचीन शायर करेंगे शिरकत

# मरहूम हुसैन अहमद शान की याद में ऑल इंडिया मुशायरा आज

**उज्जैन। प्रसिद्ध शायर मरहूम हुसैन अहमद शान की याद में शनिवार, 9 मई की रात 9.30 बजे मदारगेट (अमरपुरा) स्थित रफ़ीक़ शादमानी हॉल में ऑल इंडिया नशिस्त (मुशायरा) का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में देशभर के ख्यात शायर अपना कलाम पेश करेंगे।**

कमेटी अध्यक्ष जब्बार शेख ने बताया कि कार्यक्रम के पहले सत्र में संस्था द्वारा मरहूम हुसैन अहमद शान को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश की जाएगी। उनके परिजनों को सम्मान पत्र भेंट करने के साथ ही अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। स्वागत संचालन नईम ख़ान करेंगे। मुशायरा कन्वीनर शकील सिद्दीक़ी पटवारी के अनुसार, महफिल में आमंत्रित बाहरी शायरों में बुरहानपुर के नईम अख्तर ख़ादमी, दिल्ली के आदिल रशीद, गुना के दीपक जैन, धार के क़मर साक़ी, बड़नगर के अयूब आसिम, इन्दौर के तजदीद साक़ी, देवास के शाहनवाज़ अंसार अहमद और तराना के नईम आफ़ताब शामिल हैं। वहीं स्थानीय शायरों में इकबाल परवाज़ी, रईस पानबिहारी, सुरख़ाब बशर, मिर्ज़ा जावेद बेग, मलंग ख़ान, अंसार अहमद अंसार और मशहूर शायरा शबनम अली शबनम शिरकत करेंगी। मुशायरे का संचालन नईम आफ़ताब तराना करेंगे।

मुख्य अतिथि उज्जैन शहर क़ाज़ी ख़लीक़ उर्रेहमान होंगे। देवास नगर निगम के पूर्व सभापति हाजी अंसार अहमद हाथी वाले विशेष अतिथि होंगे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ अदबनवाज़ कोटा वाले वहीद ख़ान करेंगे।

विशिष्ट अतिथियों में इंदौर के वरिष्ठ पत्रकार परवेज़ इक़बाल, जज़्बा अध्यक्ष इंजी. सरफ़राज़ कुरैशी, पूर्व पार्षद ज़फ़र सिद्दीक़ी, एडवोकेट ज़ाहिद नूर ख़ान, रफ़ीक़ कुरैशी, सैयद फ़ारुक़ पहलवान, समीर उल हक़, पत्रकार रशीद खान, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पंडित योगेश व्यास, शादाब लाला, हाजी फहीम सिकन्दर, सैयद बिलाल हसन, मुजीब सुपारी वाले और राग़िब हाशमी उपस्थित रहेंगे।

आयोजन को सफल बनाने की अपील शहाबुद्दीन भुरू शेख़, पत्रकार आरिफ़ ख़ान, सैयद साबिर अली गुड्डू भाई, मोहम्मद साहब, सोहेल कुरैशी, टुन्नू भाई अप्सरा, ठेकेदार क़ादर भाई, जाकिर ख़ान, वाजिद ख़ान पप्पू, अब्दुल हाशिम, मंसूर कुरैशी, डॉ. साजिद ख़ान, ज़हूर लाला, जुलफैज़ अली जाफरी और रईस सिद्दीक़ी पटवारी आदि ने की है।

# परमहंस आदिशक्ति साधना केंद्र करेगा आध्यात्मिक गुरुकुल की स्थापना

▶ सिखाई जाएंगी प्राचीन विद्याएं
▶ आत्म-निर्माण के गुरुकुल से जगेगी चेतना, राजू महाराज ने किया आव्हान

**उज्जैन।** शहर के साइको योग फाऊंडेशन और परमहंस आदिशक्ति साधना केंद्र द्वारा आत्म-निर्माण के गुरुकुल की स्थापना का पावन संकल्प लिया गया है। इस पुनीत कार्य के लिए राजू महाराज ने आमजन और श्रद्धालुओं से विशेष अपील की है। उनका कहना है कि अब तक समाज ने भव्य मंदिरों और मूर्तियों के निर्माण के लिए दिल खोलकर सहयोग दिया है, लेकिन आज के समय में मनुष्य को भीतर से मजबूत करने वाले एक आध्यात्मिक गुरुकुल की अधिक आवश्यकता है।

महाराज ने अपने संदेश में कहा कि आज का इंसान मानसिक तनाव, अशांति और अज्ञान के अंधकार में घिरा हुआ है। बाहरी भव्यता के बीच मनुष्य को गढ़ने और उसकी आत्मा को जागृत करने का कार्य कहीं पीछे छूट गया है। इसी दिशा में परमहंस आदिशक्ति साधना केंद्र एक ऐसे अद्वितीय गुरुकुल की स्थापना की ओर बढ़ रहा है, जहां केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रहकर प्राचीन भारतीय विज्ञान का जीवंत अनुभव कराया जाएगा।

**इन प्राचीन विद्याओं का होगा संरक्षण और शिक्षण:** इस आध्यात्मिक गुरुकुल में तंत्र, मंत्र, यंत्र, ध्यान और योग की शिक्षा दी जाएगी। यहां शरीर की ऊर्जा को समझने, ध्वनियों की शक्ति से सुप्त चेतना को जागृत करने और ब्रह्मांडीय ज्यामिति के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा को जीवन में उतारने के गुर सिखाए जाएंगे। इसके साथ ही आधुनिक समय की गंभीर समस्या अवसाद से मुक्ति और परम शांति के लिए ध्यान व योग पर विशेष जोर रहेगा। महाराज जी के अनुसार मन अक्सर भटकाव की ओर ले जाता है, इसलिए यहां साधकों को सत्य की खोज करते हुए अपनी आत्मा की आवाज सुनना सिखाया जाएगा।

**सहयोग के लिए जारी किए संपर्क सूत्र**

साइको योग फाऊंडेशन की संगीता कुशवाहा ने नर से नारायण सेवा का संदेश देते हुए बताया कि एक मंदिर में हम दर्शन करते हैं, लेकिन इस गुरुकुल में दर्शन को जीना सिखाया जाएगा। यह केंद्र पूरी मानवता के कल्याण के लिए होगा, जहां से तैयार होने वाले साधक समाज में शांति और ज्ञान का प्रकाश फैलाएंगे। संस्था ने आव्हान किया है कि स्वयं के भीतर के देवत्व को जगाने वाली इस पाठशाला के लिए लोग आगे आएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भटकाव से बचाया जा सके और उन्हें असली चेहरा पहचानने की शक्ति मिल सके।

# बच्चों को बुद्ध की कथाएं और प्रेरक प्रसंगों से दी सीख

▶ हल्ला-गुल्ला शिविर में बच्चे खेल खेल में सीख रहे हैं नवाचार

**इंदौर. विजय नगर स्थित सारदा मठ स्कूल परिसर में चल रहे 15 दिवसीय हल्ला - गुल्ला बाल प्रशिक्षण शिविर में बच्चे खेल खेल में अभिनय के साथ जीवन जीने की कला भी सीख रहे है.**

शिविर प्रशिक्षक तपन मुखर्जी और सीमा व्यास बच्चों को रोजाना महापुरुषो की प्रेरणादायक बाते बता रही है. शिविर में वरुण जोशी भी प्रशिक्षण दे रहे है. साथ में शिल्पा सिंघल और श्वेता शर्मा भी सहयोग कर रही है. प्रवीण जोशी ने बताया कि शिविर में आज शिक्षिका शुभा स्वामी का विशेष संबोधन हुआ. उन्होंने बच्चों को गौतम बुद्ध की कथाएँ और प्रेरक प्रसंगो के द्वारा शिक्षा देते हुए कहा कि अपना प्रकाश स्वयं बने. अहिंसा के मार्ग पर चले और समाज में प्रेम और शांति को फ़ैलायें. इच्छाओ के दास नहीं बने और स्वय पर नियंत्रण रखना सीखे. इस मौके पर शुभा स्वामी ने कवि मैथलीशरण गुप्त की लोकप्रिय कविता माँ कह एक कहानी का सस्वर पाठ किया और बच्चों से भी कराया. कुछ देर के संपूर्ण वातावरण प्रेम और शांति से भी गया. शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के 50 से अधिक बच्चे भाग ले रहे. यह शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होता है. शिविर का समापन आगामी 16 मई को होगा।





# विश्व को जैन धर्म के आदर्श सिद्धांतों की जरूरत



**इंदौर.** वर्तमान हालातों में पूरे विश्व को जैन धर्म के आदर्श सिद्धांतों की जरूरत है. दया, करुणा, परमार्थ और सेवा जैसे संस्कारों में गूथे हुए जैन धर्म को आज पूरे विश्व ने प्रासंगिक और महत्वपूर्ण माना है. जहाँ दुनिया के अन्य देश एकदूसरे के साथ युद्ध और वर्चस्व की लड़ाई में घिरे हुए हैं, वहां भारत जैसे संप्रभुता सम्पन्न देश में आज भी भारत की धर्म और संस्कृति की ध्वजा सबसे ऊपर फहरा रही है. जैन धर्म के तीर्थंकरों ने समाज को सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह जैसे मंत्र देकर समूची मानवता पर बहुत बड़ा उपकार किया है.

ये आशीर्वचन हैं पंयास प्रवर योगरुचि विजय मसा के, जो उन्होंने गुरुवार को द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर के 25वें ध्वजारोहण महोत्सव में श्रीसिद्धाचल नवाण प्रभारी महापूजन की आराधना के दौरान व्यक्त किए. धर्मसभा में वर्धमान तपोनिधि प्रियदर्शन विजय मसा एवं नंदीरूचि विजय मसा आदिठाणा भी उपस्थित रहे. इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, सुशील कुकड़ा, चेतन भंडारी, अमृत मूणत, विनोद कोठारी, रीतेश सेखावत, सतीश जैन एवं दिनेश धींग आदि ने समाज बंधुओं की अगवानी की. समिति के नितिन बावेल, यशवंत जैन, कांतिलाल लुणावत, अभय राखेचा एवं जवाहर लोढ़ा ने बताया कि रात्रि में प्रभु मणिभद्रवीर की संगीतमय महाआरती में क्षेत्र के 2 हजार से अधिक समाज बंधुओं ने सपरिवार अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 8 मई को गुरुदेव की पावन निश्रा एवं सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव मुख्य अतिथि, उद्योगपति जयसिंह-टीना जैन, दीपक जैन टीनू, भारत पारख, दिलीप सी जैन, विमल नाहर एवं राजेंद्र जैन के विशेष आतिथ्य में सुबह विधिकर्ता आशीष जैन (जावरा) के निर्देशन में स्नात्र पूजन के बाद ध्वजारोहण विधि प्रारंभ होगी.

# त्वरित एवं सुलभ न्याय के लिए समन्वित प्रयास जरूरी : जिला न्यायाधीश खान

**इंदौर/देपालपुर.** 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को अधिक प्रभावी, जनहितकारी एवं सफल बनाने के उद्देश्य से सिविल न्यायालय परिसर देपालपुर में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान के मार्गदर्शन में बैंक, नगर परिषद तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में लंबित प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालयीन प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण पर विशेष चर्चा की गई. बैठक को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि नेशनल लोक अदालत केवल प्रकरणों के निराकरण का माध्यम नहीं, बल्कि आपसी समझौते, सौहार्द और त्वरित न्याय की एक पावन व्यवस्था है. जिला न्यायाधीश ने विशेष रूप से बैंक अधिकारियों एवं नगर परिषद अधिकारियों को निर्देशित किया कि नेशनल लोक अदालत के लिए जो नियमानुसार निर्धारित छूट, रियायत एवं ब्याज में राहत प्रदान की जा रही है, उसका पात्र पक्षकारों को पूर्ण लाभ दिया जाए, ताकि आम नागरिक आर्थिक एवं मानसिक बोझ से राहत प्राप्त कर सकें. उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नोटिसों की तामीली पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी से सुनिश्चित की जाए तथा पक्षकारों को समय पर सूचना देकर उन्हें नेशनल लोक अदालत के लाभों से अवगत कराया जाए. जिला न्यायाधीश ने कहा कि नेशनल लोक अदालत न्यायपालिका, प्रशासन और अधिवक्तागण के संयुक्त प्रयासों का ऐसा मंच है, जहां बिना अनावश्यक विलंब के सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्राप्त होता है. बैठक में तहसीलदार संगीता गोलिया, दीपक पाटीदार, विनय कुमार, ओंकार सिंह, रंजन प्रकाश, अनिल राठौर, दीपक लक्षकार, के.बी.यादव, जितेंद्र पंकज, ज्ञानेश्वर जोशी सहित विभिन्न बैंकों के प्रबंधक, नगर परिषद एवं राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे.

एक नजर ▶ कानपुर से पूछताछ के लिए प्रोटेक्शन वारंट पर उज्जैन लाई पुलिस

# पश्चिम बंगाल के बदमाश ने ठगे थे एडमिशन के नाम 4.50 लाख

**उज्जैन। बिहार के कटिहार मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर 4.50 लाख की ठगी करने वाला पश्चिम बंगाल के फर्जी प्रिंसिपल कानपुर जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर उज्जैन लाया गया है। जिससे 11 मई तक रिमांड पर पूछताछ की जायेगी।**

मंछामन गणेश कालोनी में रहने वाले एमआर सतीशचंद्र पटेल एमआर ने 29 मार्च को नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि बेटे हर्ष का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन करना था। उनके भाई महेश कुमार का पुत्र सतना मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। 15 फरवरी को उसने बताया कि हमारे कॉलेज के प्रोफेसर चंद्रशेखर वाघमारे ने बताया कि बिहार के कटिहार स्थित मेडिकल कॉलेज में सीट खाली है। प्रोफेसर का नंबर मिलने पर उसने संपर्क किया गया। उन्होने कटिहार मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल आरबी गुप्ता का मोबाइल नंबर दिया। चर्चा की तो पता चला कि एक छात्र की मौत होने पर सीट खाली हुई है। जो एनआरआई कोटे की है। उक्त प्रिंसिपल ने ईमेल पर कॉलेज सीट के पैकेज की जानकारी भेजी और 2 बैंक अकाउंट नम्बर के साथ वाट्सएप पर नीट स्कोर कार्ड, आधार कार्ड, मार्कशीट पुत्र की मांगी। एक अकाउंट नम्बर कॉलेज का था। जिसमें 25 हजार रुपए जमा कराये गये, शेष राशि 4.25 लाख दूसरे खाते में जमा किये गये। 19 फरवरी को बिहार के कटिहार पहुंचने पर सामने आया कि कोई सीट खाली नहीं है और ना ही फीस जमा हुई है। कॉलेज के प्रोफेसर आरबी गुप्ता ने कॉलेज का बैंक अकाउंट देखा तो उसमें 25 हजार रुपए पटेल परिवार की ओर से भेजना सामने आये। आर. बी. गुप्ता ने कॉलेज अकाउंट में आये रुपए को लेकर कहा कि कोर्ट में मामला लगाये, रुपए लौटा दिये जायेगा। पूर्व में भी ऐसी धोखाधड़ी सामने आ चुकी है। पुलिस ने सतीशचंद्र की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि बिहार कॉलेज के प्रिंसिपल गुप्ता से संपर्क करने पर पता चला कि पूर्व में भी 4 से 5 बार जयंत सरकार नामक पश्चिम बंगाल का व्यक्ति कॉलेज के नाम से ठगी कर चुका है। जयंत सरकार का पता लगाने पर सामने आया कि वह धोखाधड़ी के मामले में कानुपर पुलिस की हिरासत में है। जिससे पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन वारंट जारी कराया गया। न्यायालय के आदेश पर कानपुर से जयंत पिता ज्योति सरकार निवासी शांतिपाट भक्तिनगर जलपाई गुडी पश्चिम बंगाल को उज्जैन लाया गया है। वह फर्जी प्रिंसिपल बनकर लोगों को अपने झांसे में लेता था। 11 मई तक पूछताछ की जायेगी। मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के नाम पर हुई धोखाधड़ी में कुछ ओर नाम सामने आ सकते है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेंगे।